# हिन्दी प्रादेशिक समाचार

## आकाशवाणी चंडीगढ़

### तिथि 27 मार्च 2026, समय 1305

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज शाम पश्चिम एशिया संघर्ष पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बातचीत करेंगे और राज्यों की तैयारियों तथा योजनाओं की समीक्षा करेंगे। सूत्रों के अनुसार बैठक में 'टीम इंडिया' की भावना से समन्वित प्रयासों को सुनिश्चित करने पर बल दिया जाएगा। हालांकि, आदर्श आचार संहिता के कारण चुनाव वाले राज्यों के मुख्यमंत्री इस बैठक में शामिल नहीं होंगे। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने संसद के दोनों सदनों में पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष पर भारत का रुख स्पष्ट किया था। श्री मोदी ने कहा था कि सरकार पेट्रोल, डीजल, तेल, गैस और उर्वरकों की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित कर रही है। उन्होंने सदन को बताया था कि भारत ने पिछले 11 वर्षों में ऊर्जा आयात के अपने स्रोतों को 27 देशों से बढ़ाकर 41 देशों तक कर दिया है। इससे किसी एक क्षेत्र पर निर्भरता कम हो गई है।

****************************************************************************

सरकार ने कहा है कि भारत के पास कुल 74 दिनों की आरक्षित ऊर्जा क्षमता है। कच्चे तेल, उत्पाद भंडार और भूमिगत भंडारों में बने विशेष कार्यनीतिक भंडारण को मिलाकर वास्तविक स्टॉक लगभग 60 दिनों का है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने दोहराया है कि भारत में पेट्रोलियम और एलपीजी की आपूर्ति की स्थिति पूरी तरह सुरक्षित और नियंत्रण में है। मंत्रालय ने कहा कि सभी खुदरा ईंधन दुकानों पर पर्याप्त आपूर्ति है और देश में कहीं भी पेट्रोल, डीजल या एलपीजी की कमी नहीं है। घरेलू रिफाइनरी उत्पादन में 40 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

****************************************************************************

हरियाणा के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने कहा कि प्रदेश में गैस और ईंधन की कोई कमी नहीं है और आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है। उन्होंने कहा कि कुछ असामाजिक तत्वों

द्वारा अफवाहें फैलाकर अनावश्यक घबराहट पैदा करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने जनता से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल आधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा करें।

श्री राजेश नागर ने कहा कि गैस की कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सरकार कड़ी कार्रवाई कर रही है। फरीदाबाद सहित अब तक पूरे प्रदेश में 9 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है और आगे भी इस तरह की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार आम जनता की सुविधा और आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

मंत्री ने कल फरीदाबाद  में गैस और ईंधन आपूर्ति की वर्तमान स्थिति को लेकर समीक्षा बैठक भी की। हिंदुस्तान पेट्रोलियम तथा भारत पेट्रोलियम के प्रतिनिधि, विभिन्न गैस एजेंसियों के संचालक भी बैठक में शामिल हुए। इस दौरान जिला के वरिष्ठ अधिकारियों ने क्षेत्र में एलपीजी गैस और पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता को लेकर विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नियमित निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को तुरंत रोका जा सके।

************************************************************************

केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी मामलों के मंत्री एवं करनाल लोकसभा क्षेत्र से सांसद मनोहर लाल ने कल करनाल में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति -दिशा की बैठक की अध्यक्षता की।  मंत्री ने बैठक में 11 विभागों की 23 महत्वपूर्ण योजनाओं की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का पारदर्शिता के साथ-साथ ज्यादा से ज्यादा लोगों तक लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें।

केंद्रीय मंत्री  ने कृषि विभाग की योजनाओं की समीक्षा के दौरान डीडीए को निर्देश दिए कि वे मेरी फसल, मेरा ब्योरा पोर्टल पर शत प्रतिशत फसलों का पंजीकरण करवाना सुनिश्चित करें। इसमें मिश्रित फसलों के अलावा खाली कृषि भूमि का ब्योरा भी किसानों से दर्ज करवाए।

उन्होंने कहा कि हर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कम से कम साल में एक-एक किसान मेला अवश्य लगाया जाए और किसानों को कृषि की आधुनिक तकनीकी तथा नए-नए बीजों के बारे में जानकारी दी जाए। आयोजित करवाए गए किसान मेलों की प्रतिक्रिया भी ली जाए और अच्छे सुझावों को अपना कर किसानों को योजनाओं के माध्यम से लाभ पहुंचाए। मंत्री ने कहा कि जिला में ज्यादा से ज्यादा वीटा बूथ स्थापित करवाये जाए ताकि युवाओं को रोजगार मिले और लोगों के घर के नजदीक ही वीटा उत्पाद मिले। इस दौरान केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने स्वच्छता रैंकिंग में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले उक्त ग्राम पंचायतों के सरपंचों को प्रशंसा प्रत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया।

************************************************************************

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा कक्षा 10वीं, 12वीं और डीएलएड परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं के अंकन का काम 2 अप्रैल से शुरू होगा। बोर्ड प्रदेशभर में कुल 131 अंकन केंद्र स्थापित करेगा। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डा. पवन कुमार ने भिवानी में बताया कि कक्षा 12वीं की उत्तर पुस्तिकाओं की जांच के लिए पूरे प्रदेश में 52 अंकन केंद्र बनाए जाएंगे। वहीं कक्षा 10वीं की उत्तर पुस्तिकाओं की जांच के लिए 75 अंकन केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इसके अलावा डीएलएड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं की जांच के लिए अलग से 4 अंकन केंद्र बनाए जाएंगे।

************************************************************************